डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 120 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 12 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## बर्ड सर्वे: गांधी सागर अभयारण्य में मिली पक्षियों की 226 प्रजाति

### ग्रेटर स्पाटेड ईगल व ल्यूसिस्टिक बार हेडेड गूज दिखे पहली बार

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर में 07वां बर्ड सर्वे रविवार शाम को पूरा हुआ। इसमें गांधीसागर वन क्षेत्र में पक्षियों की 226 प्रजातियां पाई गईं। इस बार ग्रेटर स्पॉटेड ईगल व ल्यूसिस्टिक बार हेडेड गूज पहली बार देखे गए हैं। पैंथर में जैसे ब्लैक पैंथर विशेष होता है, उसी तरह गूज में ल्यूसिस्टिक बार हेडेड गूज एक विशेष प्रजाति है जो बहुत कम पाई जाती है। गांधीसागर में ये दो प्रजाति मिली है।

मध्यप्रदेश के उत्तर-पश्चिमी कोने में चंबल नदी पर बने गांधीसागर बांध के विशाल जलाशय से सराबोर, छोटी-छोटी जल संरचनाएं, घास, शुष्क पर्णपाती और कांटेदार वनों से भरे गांधीसागर अभयारण्य में सातवां पक्षी सर्वेक्षण पूरा हुआ। तीन दिवसीय सर्वे में देश के 7 राज्यों से 54 बर्ड विशेषज्ञों ने सेवाएं दी इन्होंने 15 से अधिक स्थानों पर जाकर 10-12 किमी पैदल भ्रमण कर जंगल में आश्रित पक्षियों को चिन्हित किया। इस दौरान विशेषज्ञों को 226 प्रजातियों के पक्षियों का रिकॉर्ड मिला। हालांकि यह प्रारंभिक आकलन है, अभी सभी पक्षियों के फोटो का एनालिसिस कर उनकी पहचान की जाएगी। इसमें प्रजातियों की संख्या कुछ कम या ज्यादा हो सकती है। वाइल्ड वॉरियर्स के रितेश खाबिया ने बताया कि इस साल गांधीसागर में बत्तख एवं शिकारी पक्षी कम ही मिले हैं इसके कारणों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। सर्वे के दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### यह है ग्रेटर स्पाटेड ईगल...

बर्ड विशेषज्ञ खाबिया ने बताया कि गांधीसागर में पहली बार ग्रेटर स्पॉटेड ईगल नजर आया है। यह प्रजाति पूर्वी यूरोप, मध्य यूरोप के कुछ हिस्सों, मध्य रूस, मध्य एशिया और चीन के कुछ हिस्सों में पाई जाती है। सर्दियों के दौरान मुख्य रूप से दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, ऊपरी भूमध्य सागरीय बेसिन और पूर्वी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में प्रवास करती है। यह प्रवासी पक्षी है जो पहली बार गांधीसागर में दिखा है। यह नदी के किनारे के क्षेत्रों, दलदलों, झीलों, तालाबों और वुडलैंड से घिरे पानी के अन्य निकायों को पसंद करते हैं। इनकी सामान्य लंबाई 59-74 सेमी रहती है। जबकि, इनके पंख का फैलाव 155 से 185 सेमी तक होता है। यह पक्षी जमीन से 10 हजार फीट की उंचाई तक उड़ते हुए शिकार की खोज करता है। शिकार दिखते ही डाइव लगाकर शिकार करता है।

### यह है ल्यूसिस्टिक बार हेडेड गूज...

खाबिया ने बताया कि ल्यूसिस्टिक बार हेडेड गूज विशेष पक्षी होते हैं। इनकी बॉडी में कलर वाली पिगमेंट नहीं होता, जिससे ये कलरफुल ना होते हुए सफेद होते हैं। गांधीसागर में एक साथ दो दिखाई दिए हैं।

## सवा सौ से ज्यादा स्कूलों की.....

# मान्यता पर लटकी तलवार..!




### इस बार मान्यता की राह कठिन, कई स्कूल संचालक मापदंड नहीं कर पा रहे पूरे

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के 655 निजी स्कूलो में से 610 स्कूलों की मान्यता का नवीनीकरण होना है। इस बार मापदंड कठिन कर दिए गए है। जिसका विरोध भी निजी स्कूल एसोसिएशन द्वारा किया गया है। अब बात करें मान्यता के लिए आवेदन की तो अंतिम तारीख 10 फरवरी थी। अब विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी तक आवेदन किया जा सकता है। अभी भी सवा सौ से ज्यादा स्कूलों ने आवेदन नहीं किया है।

मंदसौर सहित मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केंद्र के नए नियमों के कारण हजारों निजी स्कूलों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। निजी स्कूल संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार विभाग की कठोर शर्तों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई विद्यालयों की मान्यता अधर में लटकी हुई है। प्रदेशभर में करीब 20 प्रतिशत स्कूल अब तक मान्यता के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं, जिनकी संख्या 6 हजार से अधिक है। अब मंदसौर की बात करें तो सोमवार शाम तक जिले के 478 निजी स्कूल ने आवेदन किए। अभी भी 132 स्कूलों ने आवेदन नहीं किया है। जिन्होंने तय समय पर मान्यता के लिए आवेदन ही नहीं किया। अब इनकी मान्यता पर तलवार लटक गई है। हालांकि लेट शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने का आप्शन अब भी खुला हुआ है। अन्यथा पूरी तरह से मान्यता निरस्त कर दी जाएगी।

### तो नहीं मिलेगी मान्यता...

स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के लिए 10 फरवरी अंतिम तारीख थी। इसमें 14 फरवरी तक आवेदन कर विलंब शुल्क के साथ किए जा सकते है। जो समय सीमा में आवेदन करेगा, उसको मान्यता शासन देगा। जिसके आवेदन नहीं आएंगे, उनको स्कूल चलाने की मान्यता नहीं मिलेगी।

### तो प्रदेश में 18 हजार स्कूल होंगे बंद...

अगर यह हालात रहे तो 18,000 निजी स्कूल बंद हो सकते हैं, जिससे लाखों बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। खासकर उन छात्रों की जिनका नाम कम शुल्क वाले विद्यालयों में है। अधिकारियो के अनुसार, जिन स्कूलों ने आवेदन किया है, उनमें भी कई स्कूलों के पास दस्तावेज़ पूरे नहीं हैं या वे नए नियमों का पालन नहीं कर पा रहे हैं। इस मुद्दे पर सरकार और विभाग की चुप्पी बनी हुई है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने समाज से अपील की है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए इस समस्या का हल जल्द निकाला जाए। यदि समय रहते यह मुद्दा हल नहीं हुआ तो हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे और लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।निजी विद्यालयों के संचालकों का आरोप है कि जहां सरकार निजी स्कूलों पर सख्ती कर रही है, वहीं सरकारी स्कूलों की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा है। निजी स्कूल संचालको का कहना है कि 40 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं है। 25 प्रतिशत में शौचालय की सुविधा नहीं है, कई स्कूलों में शिक्षक की कमी है और कहीं-कहीं छात्रों की संख्या भी कम हो रही है। इस बीच, एसोसिएशन ने यह भी चेतावनी दी है कि सरकार के नए नियमों की जटिलता के कारण सवा लाख से अधिक कर्मचारी बेरोजगारी की कगार पर पहुंच सकते हैं।

### कई के पास मैदान तक नहीं...

जिले में कई निजी स्कूल ऐसे भी है, जो मनमर्जी से चल रहे है। इसके बाद भी उनको शासकीय स्तर पर मान्यता दी जा रही है। इन स्कूलों के पास नियम अनुसार न तो स्वयं के खेल मैदान है न बच्चों के लिए चल रहे स्कूली बस में महिला कंडक्टर।

### इनका कहना...

सोमवार शाम तक 478 स्कूलों के आवेदन लॉक हुए है। विलंब शुल्क तक आवेदन 14 फरवरी तक किए जा सकते हैं।

**भगवतीलाल शर्मा, मान्यता प्रभारी, शिक्षा विभाग मंदसौर**

## कल से फिर ठंड बढ़ने की संभावना



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। वर्तमान में लोगों को ठंड से राहत मिली है, जहां अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, एक-दो दिन मौसम साफ रहने की संभावना है और इस दौरान तापमान में वृद्धि देखी जाएगी। लेकिन, उसके बाद एक बार फिर कुछ समय के लिए ठंड लौटकर आएगी।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि 8 फरवरी को उत्तर भारत में आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण प्रदेश में चल रही सर्द हवाएं अब लौट गई हैं। वर्तमान में राजस्थान के पास एक प्रेरित चक्रवात बन गया है, जिसके कारण हवा का रुख दक्षिणी हो गया है। इससे उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं का प्रवाह रुक गया है, जिसके परिणामस्वरूप दिन-रात के तापमान में वृद्धि देखी जा रही है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत में समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की उंचाई पर 222 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उपोषण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। साथ ही, उत्तरी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ मध्य चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 13 फरवरी से सर्दी का दूसरा दौर शुरू हो सकता है।

### दो बाइक की भिड़ंत, दो युवक घायल

**नीमच, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार देर रात एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नीमच-मनासा मार्ग पर स्थित बोरखेड़ी टोल टैक्स के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। ईएमटी राहुल राठौर और पायलट दशरथ व्यास ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में घायल दोनों युवकों की पहचान नीमच सिटी निवासी आरिफ और बगीचा नंबर चार निवासी साहिल (पिता: जाकिर) के रूप में की गई है। अभी दोनों घायल युवकों का बड़े अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### काम नही किया, एडवांस लिए रुपए मांगे तो पीटा

**पिपलियामंडी, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मजदूरी के लिए दिए रुपए वापस मांगे तो मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। मुण्डकोषा निवासी दिलीप नायक ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैने एक वर्ष पूर्व शंकरलाल नायक को 10 हजार रुपए कुआ खुदाई की मजदूरी के लिए दिए थे, लेकिन शंकरलाल काम पर नही आया और रुपए भी नही दिए। एक वर्ष बाद रुपए मांगे तो गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे पिता रामलालजी के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने शंकरलाल पर केस दर्ज किया।

## संत रविदास जयंति आज, बंद रहेंगे स्कूल और सरकारी कार्यालय



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सरकार के कलेंडर के मुताबिक आज 12 फरवरी बुधवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस दौरान स्कूल-कॉलेज से लेकर सभी सरकारी दफ्तरों में छुट्टी रहेगी। ये छुट्टी रविदास जयंती के अवसर पर दी जा रही है। बता दें कि प्रदेश में हर साल माघ पूर्णिमा के दिन संत रविदास जी की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इस दिन उनके अनुयायी विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और पवित्र नदियों में स्नान कर आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। यही कारण है कि सरकार इस दिन अवकाश देती है।

बता दें कि मध्यप्रदेश सरकार के आधिकारिक अवकाश कैलेंडर के अनुसार, कर्मचारियों को इस महीने कुछ ऐच्छिक अवकाश भी मिल सकते हैं। राज्य सरकार के नियमों के तहत, कर्मचारी 68 ऐच्छिक छुट्टियों में से अधिकतम तीन दिन की छुट्टियां अपनी सुविधा के अनुसार ले सकते हैं। हालांकि, इससे अधिक छुट्टियां स्वीकृत नहीं की जाती है।

### महाशिवरात्रि पर भी मिलेगी छुट्टी...

प्रदेश में आने वाली 26 फरवरी 2025 बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भी अवकाश रहेगा। इस दिन भी प्रदेश के सभी स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे।

## खुशखबरी..! सिर्फ 10 दिन में पूरी होगी कैलास मानसरोवर यात्रा..?, केवल परिक्रमा में चलना होगा पैदल, जानिए पूरा रूट



**पिथौरागढ़, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कैलास-मानसरोवर यात्रा को लेकर भारत-चीन के बीच सहमति बन गई है। पूरे 05 साल बाद शुरू होने वाली मानसरोवर यात्रा में इस बार कई बदलाव भी होने जा रहे हैं। 24 दिन की यात्रा इस बार सिर्फ 10 दिनों में पूरी होगी। इस बार यात्रियों को केवल कैलास परिक्रमा के लिए पैदल चलना होगा। यात्रा का रूट दिल्ली से टनकपुर होते हुए लिपुलेख तक होगा।

लंबे इंतजार के बाद इस साल कैलास-मानसरोवर यात्रा होनी है। कैलास-मानसरोवर यात्रा को लेकर भारत-चीन के बीच सहमति बन गई है। इस बार की यात्रा बीती यात्राओं से कई मायनों में अलग होगी। यात्रा के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा कि यात्रियों को भारतीय सीमा में रत्ती भर भी पैदल नहीं चलना होगा। यही नहीं और भी कई बदलाव इस बार मानसरोवर यात्रा में किए गए हैं। चीन के साथ बिगड़ते रिश्तों के चलते मानसरोवर यात्रा 2019 से बंद है। कुछ समय से दोनों मुल्कों ने रिश्तों पर जमी बर्फ को हटाना शुरू किया है, जिसका नतीजा ये है कि इस बार कैलास-मानसरोवर यात्रा को लेकर सहमति बन गई है। 05 साल बाद होने वाली मानसरोवर यात्रा में इस बार कई बदलाव भी होने जा रहे हैं।

एक दौर था जब इस यात्रा को दुनिया की सबसे दुर्गम पैदल यात्रा कहा जाता था। लेकिन, इतिहास में पहली बार यात्रियों को भारतीय सीमा में इंच भर भी पैदल यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। लिपुलेख बॉर्डर तक रोड बनने के बाद अब पूरी यात्रा गाड़ियों की मदद से होगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री सड़क एंव परिवहन अजय टम्टा का कहना है कि तवाघाट से लिपुलेख बॉर्डर तक रोड पूरी तरह तैयार है। अब इस बॉर्डर पर आसानी से गाड़ी से सफर किया जा सकता है। चाइना बॉर्डर तक रोड बनने के बाद यात्रा आसान तो हुई ही है। साथ ही अन्य कई बदलाव भी इस बार होने हैं।

### दिल्ली से टनकपुर होते हुए लिपुलेख जाएगी यात्रा...

24 दिन की यात्रा इस बार होगी सिर्फ 10 दिनों में पूरी होगी। पहली बार परंपरागत रूट से कैलाश यात्रा होगी। टनकपुर से पिथौरागढ़ होते हुए यात्रा का परंपरागत रूट है। इस बार यात्री सिर्फ गुंजी पड़ाव में दो दिन के लिए रूकेंगे। जबकि, पहले पैदल यात्रा के दौरान करीब 8 पड़ाव होते थे। यात्री इस बार दिल्ली से टनकपुर पहुंचेगे, जहां एक रात रूकने के बाद पिथौरागढ़ होते हुए सीधे धारचूला पहुंचेगे। बेस कैंप धारचूला से अब यात्री एक दिन में ही गुंजी पहुंच जाएंगे।

जिला पर्यटन अधिकारी पिथौरागढ कीर्ती आर्या ने बताया कि यात्रा को लेकर एक मीटिंग दिल्ली में हो चुकी है। पर्यटन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरकार से हरी झंडी मिलते ही विभाग अपना काम शुरू कर देगा। गुंजी के बाद भी लिपुलेख दर्रे तक यात्री गाड़ियों की मदद से अपना सफर तय करेंगे। लिपुलेख दर्रा पार करते ही यात्रा तिब्बत में इंट्री कर लेगी, जहां सड़कों का जाल चाइना सालों पहले बिछा चुका है। यही नहीं इस बार यात्रा मंहगी होने के संभावना भी बनी हुई है। वर्ष 2019 तक कैलाश-मानसरोवर यात्रा के लिए एक यात्री को करीब ढाई लाख रुपये खर्च करने होते थे।

### तीन दिन में होती है कैलास परिक्रमा...

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** यात्रियो को भारतीय सीमा में कुमाऊ मंडल विकास निगम यात्रा करवाता है। लिपुलेख दर्रा पार करने के बाद चीनी सेना द्वारा यात्रियो की चेकिंग की जाती है। वहां से बस द्वारा तकलाकोट स्थित होटल पुलान में दो दिन यात्रियो को रोका जाता है। जहां से कैलास परिक्रमा के बेस कैंप दारचेन ले जाया जाता है। वहां रात्रि विश्राम के बाद कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित यम द्वार से यात्रा की शुरुआता होती है। परिक्रमा तीन दिनो में पूरी होती है और दारचेन में आकर समाप्त होती हैं। वहीं दो दिन मानसरोवर किनारे बने आवास में रोका जाता है। जहां से पुनः तकलाकोट और वहां से भारतीय सीमा में लिपुलेख तक चायना सेना के देखरेख में पहुंचते है। लिपुलेख से पुनः आईटीबीपी और कुमाऊ मंडल विकास निगम दिल्ली तक यात्रियो को पहुंचाता है। ऐसे में 10 तो नहीं लेकिन, करीब 15 दिन में कैलास मानसरोवर यात्रा पूर्ण हो सकती है।

## कार्यालय-एम सय्यद मंसुरी, अधिवक्ता एवं नोटरी

बस स्टेण्ड, पिपलिया मंडी, जिला मंदसौर म.प्र.

विज्ञप्ति पत्र क्रमांक-01/25 दिनांक-12.02.2025

### ✻✻ जाहिर सूचना/क्रेता सावधान ✻✻

सर्वसाधारण आम जनता को मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रीतिबाला पिता रामप्रसादजी गुप्ता, निवासी पिपलियामंडी हाल मुकाम नीमच की ओर से प्रदत्त माहिती एवं निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि पिपलियामंडी के वार्ड नंबर 10. शासकीय चिकित्सालय मार्ग पर स्थित भवन क्रमांक 57 जिसका क्षेत्रफल लगभग 1425 वर्गफीट होकर चतुर्सीमा पूर्व में-शासकीय स्कूल, पश्चिम में-हरिनंदन बोराना वाला मकान (जो जैन डाक्टर साहब ने क्रय किया), उत्तर में-रास्ता 40 फीट, दक्षिण में-गली 10 फीट है।


उपरोक्त भवन मेरी पक्षकार के पिता स्वर्गीय रामप्रसादजी गुप्ता का रहा होकर उनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में दर्ज था। रामप्रसादजी की मृत्यु के बाद उपरोक्त मकान में मेरी पक्षकारा का भी पुत्री नाते हक एवं आधिपत्य है। किंतु मेरी पक्षकारा की माता व भाई ने नगर परिषद में अपना अकेले का नामांतरण करवाकर उक्त मकान एयू बैंक को बंधक रख दिया। जबकि उनको मेरे पक्षकार की सहमति के बिना उक्त मकान को बंधक करने का हक नहीं था। जिस पर मेरी पक्षकारा द्वारा अपने हक की घोषणा एवं बैंक के पक्ष में उक्त बंधक को शून्य कराने बाबत् न्यायालय नारायणगढ़ में एक सिविल वाद भी दाखिल किया हुआ है, जो प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए 21/2024 पर दर्ज होकर विचाराधीन है। इस प्रकार उक्त मकान में मेरे पक्षकार का हक एवं आधिपत्य है। मेरी पक्षकारा को सूचना मिली है कि, मेरी पक्षकारा के मृत भाई के वारीस उक्त मकान को बिक्री करने हेतु प्रयासरत है तथा कुछ अन्य लोग भी बैंक के जरिये उक्त मकान क्रय करने हेतु प्रयासरत है। जबकि उनको ऐसा करने का कोई हक अधिकार नहीं है।उक्त मकान में मेरे पक्षकार का हिस्सा छोड़े बिना बैंक की भी कोई कार्यवाही अवैध और अमान्य होगी।

अत: सर्वसाधारण आम जनता दलालों व एयू स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा मंदसौर को इस आम सूचना के जरिये खबरदार किया जाता है कि मेरे पक्षकार की सहमति के बिना उपरोक्त मकान को कोई भी क्रय, विक्रय, कब्जा आदि का प्रयास नहीं करे। अन्यथा वह विवाद में पड़ेगा, और अतोगत्वा उसको कुछ भी हासिल नहीं होगा। तथा ऐसा कोई भी प्रयास या कृत्य मेरे पक्षकार के स्वत्व पर बंधनकारक नहीं होकर शून्य होगा।

पक्षकार तर्फे
एम. सय्यद मंसुरी, अधिवक्ता एवं नोटरी

## नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाजपा का स्वरूप भी बदला नजर आएगा...

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा संगठन है तो राजनीतिक पर इसको और अधिक प्रभावशाली स्थायित्व देने की योजना के चलते इसमें बदलाव होना स्वाभाविक है। जब से भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व डबल इंजन कहलाने वाले शीर्ष नेताओं के हाथ में गया है तभी से सिर्फ जनमत के चुनाव से सत्ता पाने के अलावा और भी तरीकों को ईजाद कर अपनाया जाने लगा है। ऐसा करने के लिए डबल इंजन ने अपने घूर विरोधि राजनीतिकों को गले भी लगाया और निपटाया भी, फिर चाहे वह किसी भी राज्य, किसी भी दल का हो। इसका सबसे बड़ा असरदार उदाहरण मध्य प्रदेश का ही है, जब संसद में भाजपा को कोसने वाले ज्योतिरादित्य सिंधियां अपने समर्थक 22 विधायकों के साथ भाजपा में समा गए थे और प्रदेश की कमलनाथ सरकार को धराशाई भी कर गए थे। स्पष्ट तस्वीर थी सिंधिया को भाजपा ने गले लगाया और कमलनाथ को कमलनाथ सहित प्रदेश की कांग्रेस सरकार को निपटा दिया था। ऐसा ही दौर लगातार दूसरे विरोधी दलों और राज्यों में भी चलाया जा रहा है। हाल में दिल्ली की जीत जिस तरह से फतह की गई, वह भी अब सबके सामने है। अत: यह माना जा रहा है कि प्रदेश संगठनों का नेतृत्व और ढांचा भी डबल इंजन की मंशानुसार चयन होगा और उन्हीं की तरह नई दिशा, नई कार्य योजना और नए पदाधिकारियो को, नए जनमत को आकर्षित करने की प्राथमिकता देते हुए काम करने वाला होगा।



चन्द्रमोहन भगत

प्रदेश भाजपाइयों को अब तैयार रहना चाहिए जो भी प्रदेश अध्यक्ष बनेगा, वह पहले से पूरे प्रदेश को भली भांति जानने वाला, संगठन की कार्य प्रणाली व उद्धेश्यों को पूरा करने की क्षमता रखने वाला होगा। ऐसा माना जा सकता है कि शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस मुक्त भारत वाली मुहिम को मजबूती से संगठन स्तर पर भी चलाना चाहता है। इसीलिए नए नेतृत्व में उन को ही चुना जाएगा जो जमीन पर मजबूत जन आधार के साथ अपनी सांगठनिक दक्षता का परिचय पहले से दे चुके होंगे। देश प्रदेश की राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में यह तो साफ़ ही नजर आ रहा है कि भाजपा क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को कमजोर कर अपने में समाहित करने से कोई गुरेज नहीं रखती है। ऐसा करते हुए ही राज्यों में अपनी सरकार बनती जा रही है। ऐसा करने के लिए केंद्र की सत्ता के साथ सभी राज्यों पर भी काबिज होने की योजना पर भी भाजपा संगठन लगातार सक्रिय है। पूरी तरह सफल होने के लिए ही अब प्रदेश संगठनों को मजबूती के साथ और अधिक सक्षम बनाने, योग्य नेताओं को ही कमान सौंपी जाएगी। इसके लिए निर्धारित समीकरण भी नजरअंदाज किए जा सकते हैं। क्योंकि एकमात्र टारगेट 2029 के चुनाव को रखा गया है। इसे पाने के लिए सरकार अपना काम करेगी संगठन अपना।

## प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से रुबरु हुए विधायक जैन, कहा-

# मंदसौर विस को देश की नंबर वन विस बनाने का प्रयास



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में इस बार मंदसौर विस क्षेत्र के विधायक विपीन जैन पत्रकारों से रुबरु हुए। इस अवसर पर उन्होंने विस में हो रहे विकास कार्यों और योजनाओं को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। साथ ही विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों के संबंध में पत्रकारों के सुझाव भी सुने। विधायक विपीन जैन ने कहा कि मंदसौर विस को देश की नंबर वन विस बनाने का प्रयास मैं कर रहा हूं।

प्रेस क्लब भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। विपीन जैन ने कहा कि शहर की सबसे महत्वपूर्ण समस्या है शिवना का प्रदूषित होना। शिवना शुद्धिकरण को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर से निकलने वाले नालों का शिवना नदी में मिलना पानी को प्रदूषित कर रहा है। इसके लिए योजना तैयार की गई है। जिस पर काम चल रहा है। छह किमी लंबी पाईप लाइन के जरिए शहर से निकलने वाले नालों के पानी को अलावदाखेडी के यहां एकत्रित कर संसाधन लगाकर शुद्ध किया जाएगा। इसके बाद शिवना में छोड़ा जाएगा। इस तरह से जलकुंभी की समस्या भी खत्म हो जाएगी। वहीं शिवना तट पर सौंदर्यीकरण को लेकर सीएम को भी पत्र लिखा गया था। इसके लिए अब नपा ने डीपीआर बनाकर भेज दी है। आने वाले बजट में राशि स्वीकृत होने की उम्मीद है।

**संभाग बनाने का भी प्रयास-** विधायक ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनवाने की कोशिश भी जारी है। इस मांग को विस में भी उठाया गया है। मुद्दा योजना समिति की बैठक में भी रखा गया है। वहीं पशुपतिनाथ लोक का काम भी चल रहा है। शिवना शुद्धिकरण और पशुपतिनाथ लोक में होने वाले कार्यों की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। पशुपतिनाथ लोक के लिए दूसरे चरण की नराशि को लेकर भी सीएम को मेरे द्वारा अवगत कराया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि घोडारोज की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। इससे न सिर्फ करोड़ों की फसलें बर्बाद हो रही है, बल्कि घोडारोज सड़क हादसे का कारण भी बन रहे हैं। इसको लेकर विस में मैने प्रश्न भी किया था। अब घोडारोज की नसबंदी की मांग की जाएगी। इसके अलावा डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट से बाहर करने की मांग भी की गई है। विस में मेरे प्रश्न पर बताया गया था कि कई पुलिस वालों पर भी डोडाचूरा के फर्जी मामलों में कार्रवाई की गई है। प्रारंभ में स्वागत भाषण जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराजसिंह राणा ने दिया। संचालन प्रेस क्लब सचिव राहुल सोनी ने किया। अंत में आभार प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय लोढा ने माना।

**कालाखेत में कॉम्प्लेक्स पर कब्जा, सबसे बडी समस्या-** विधायक ने कहा कि कालाखेत में करोड़ों के कॉम्प्लेक्स पर साठिया समाज का कब्जा शहर की सबसे बडी समस्या में से एक है। यहां कई दुकानों पर साठिया समाज के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसको लेकर इस विस के इस सत्र में प्रश्न भी लगाया गया है। सीएम, मुख्य सचिव और कलेक्टर को भी अवगत भी कराया गया है। यहां मौजूद लोगों को अन्य जगह उपलब्ध कराकर अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो इसे जन आंदोलन के रूप में लिया जाएगा।

**अस्पताल और सिंहस्थ को लेकर यह कहा विधायक ने-** विधायक विपिन जैन ने कहा कि जिला अस्पताल में रेडियालॉजिस्ट नहीं होने से सोनोग्राफी सेंटर बंद है। शासन स्तर पर बात की गई है। सोनोग्राफी मशीन जल्द शुरु करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा अस्पताल में पानी की समस्या भी महसूस की गई थी। इसके बाद यहां एक सामाजिक संस्था द्वारा प्याऊ लगाई गई है। इसके साथ ही पानी की केन के माध्यम से व्यवस्था की गई है। साथ ही वाटर कूलर भी लगे हुए है। मास्टर प्लान को लेकर विधायक ने कहा कि मास्टर प्लान शहर के हितों को देखते हुए तैयार किया जाएगा। उज्जैन सिंहस्थ के लिए मंदसौर की कार्य योजना के बारे में उन्होंने कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के लिए धर्मशाला की व्यवस्था की जाएगी। भोजनशाला को शुरु करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसे एनजीओ या मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित किया जाएगा। वहीं शिवना नदी में वोटिंग को लेकर भी कलेक्टर को पत्र लिखा गया है।

**पार्किंग को लेकर भी किए जा रहे प्रयास-** शहर में यातायात की बिगडती स्थिति भी एक बडी समस्या है। इसको लेकर कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया है। शहर में छोटे छोटे पार्किंग स्थल तैयार करने का प्रयास है। जिससे बार बार जाम से मुक्ति मिल सके। वहीं सुक्ष्म सिंचाई परियोजना में शिवना बैराज योजना को स्वीकृति मिली है। इससे मंदसौर विस के 115 गांवों के किसान लाभान्वित होंगे। खेतों तक सीधे पानी पहुंचेगा।

**श्रीमती बीना शर्मा को दी श्रद्धांजलि-** आज पत्रकार विवेक शर्मा की माताजी श्रीमती बीना शर्मा का दुःखद निधन हो गया। कार्यक्रम के बाद श्रीमती बीना शर्मा को विधायक विपीन जैन और उपस्थित पत्रकार साथियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मप्र के 12500 ग्रामों में 15 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरीत किए

## स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड को लेकर सांसद ने लोकसभा में किया प्रश्न



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामित्व योजना को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2020 में ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण (स्वामित्व) योजना की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक इसके अंतर्गत सरकार द्वारा विभिन्न गांवों में दिए गए संपत्ति कार्डों की कुल संख्या कितनी है। सरकार ने हाल ही में 12 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के 50,000 से अधिक गांवों के लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत 6.5 मिलियन संपत्ति कार्ड दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत देश के विभिन्न गांवों में आज की तिथि के अनुसार किए गए कुल ड्रोन मानचित्रण का राज्यवार ब्यौरा क्या है। उक्त योजना देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में प्रगति लाने के अपने उद्देश्य को पूरा करने में किस प्रकार लाभदायक सिद्ध हुई है और ग्रामीण क्षेत्र में भूमि सर्वेक्षण का कार्य राज्यवार कब तक पूरा कर लिया जाएगा।

प्रश्न के जवाब में पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने बताया कि स्वामित्व योजना ने अप्रैल 2020 में अपनी स्थापना के बाद से लेकर अब तक 1.59 लाख गांवों में 2.38 करोड संपत्ति कार्ड तैयार करने की सुविधा प्रदान की है। प्रधानमंत्री ने 18 जनवरी, 2025 को 10 राज्यों और 2 संघ राज्य क्षेत्रों के 52,000 ग्रामीण क्षेत्रों में 6.5 मिलियन संपत्ति कार्डों के ई-वितरण का निरीक्षण किया है। इसमें उत्तर प्रदेश के 29501 ग्रामों में 4535680 और मध्यप्रदेश में 12350 ग्रामों में 1563000 संपति कार्ड वितरित किए गए। उन्होने बताया कि 3 फरवरी, 2025 तक, 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 3.18 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, दिल्ली, लद्दाख और लक्षद्वीप में भी ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त इस योजना को हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और त्रिपुरा में भी पूरा कर लिया गया है। उन्होने बताया कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य ड्रोन तकनीक के जरिए ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में गांवों का सीमांकन करना है और ग्रामीण आवासीय संपत्तियों हेतु अधिकारों का रिकॉर्ड और संपत्ति कार्ड तैयार करना है। यह पहल कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति कार्ड को बंधक हेतु स्वामित्व के प्रमाण के रूप में प्रदान करके संपत्ति के मुद्रीकरण और संस्थागत ऋण/बैंक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है और संपत्ति विवादों को कम करती है/निपटान करती है इसके अतिरिक्त व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम बनाती है, जो अंततः ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत जैसी योजनाओं में योगदान देती है। स्वामित्व योजना हरियाणा, उत्तराखंड, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और त्रिपुरा में अपने चरम पर पहुंच गई है। इस योजना को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिसके बाद अन्य सभी भाग लेने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भी अपने चरम पर पहुंचने की उम्मीद है।

# कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की

## परीक्षा केन्द्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को मोबाईल फोन उपयोग करने की अनुमति होगी, सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास करते पाए जाने पर होगी एफआईआर दर्ज, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में सत्र 2024-25 की हायर सेकण्डरी / हाईस्कूल एवं अन्य परीक्षाओं हेतु नियत किए गए परीक्षा केन्द्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की जाना आवश्यक है, अत: जिला मंदसौर में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मैं, अदिती गर्ग, जिला मजिस्ट्रेट, जिला मन्दसौर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के प्रावधानों को लागू करते हुए आदेश जारी किया है।

मध्य प्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम 1937 के प्रावधान अनुसार परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घण्टे पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक परीक्षा केन्द्रों से 100 गज की दूरी के अन्दर किसी अनाधिकृत व्यक्तियों का बिना किसी उद्देश्य के प्रवेश व घूमने, कागज या अन्य वस्तुओं का वितरण या प्रचार-प्रसार, ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिसका प्रयोग आक्रामक आयुध के रूप में किया जा सकता है, परीक्षा से संबंधित अधिकारी/वीक्षक (इन्वीजिलेटर) कर्मचारीगण को डराने का प्रयास आदि अवांछनीय गतिविधियों तथा अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णत: रोक रहेगी। मण्डल की परीक्षा हेतु नियत किए गए परीक्षा केन्द्रों से 100 गज की दूरी के अन्दर किसी प्रकार के हाथ ठेला, खोमचा, लारी लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों का खड़ा होना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा तिथियों में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अन्य संलग्न कर्मचारियों व परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल लाना व उसका उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को मोबाईल फोन उपयोग करने की अनुमति रहेगी, किसी भी प्रकार की रिपोर्टिंग मोबाईल फोन से नहीं की जावे।

नकल, सामूहिक नकल, गोपनीयता भंग करने का प्रयास, सोशल मिडिया के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास करते पाया जाता है तो उनके विरुद्ध अन्य सुसंगत अधिनियमों के साथ-साथ परीक्षा अधिनियम 1937 की धाराओं के तहत पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज होगी। छात्र-छात्राओं की तलाशी का कार्य शालीनता, किन्तु दृढ़ता से किया जावे, छात्राओं की तलाशी सिर्फ महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही की जावे, तलाशी का कार्य परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी वर्दीधारी व्यक्ति पत्रकार द्वारा कतई ना किया जाए। सुरक्षा व्यवस्थाओं के बावजूद यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान सामूहिक नकल करने अथवा कराने में लिप्त पाया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जाकर उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम 1937 तथा अन्य संगत अधिनियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। मध्य प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में चयनित संवेदनशील / अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 5 या उससे अधिक लोगों की अनाधिकृत मौजूदगी पर पूर्णत: रोक रहेगी। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-10 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 तथा अन्य सुसंगत अधिनियम के साथ-साथ परीक्षा अधिनियम 1937 के तहत कार्यवाही की जावेगी।



# पं.दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायी-कियावत

## दीक्षित, सिसौदिया, चावला, राठौर, गुर्जर ने की सहभागिता, 21 मंडलों सहित बूथों पर मनाई पं.दीनदयाल जी की पुण्यतिथि

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष माननीय विष्णु दत्त जी शर्मा एंव प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि 11 फरवरी को मनाई। मंदसौर जिले में भी भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में समस्त 21 संगठनात्मक मंडलो एंव बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला मुख्यालय मंदसौर पर पं.दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओ ने मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक कैलाश चावला, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक मदन लाल राठौर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में पं दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि की।

मुख्यवक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुवें कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक पृष्ठभूमि के आधार हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी। जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक की हमारी राजनैतिक यात्रा में उन्होने इसे विचार से हमें आगे बढाना सिखाया है जिसमें एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चरैवेति-चरैवेति मंत्र को साधते हुवें आज हम विश्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का ढंका बजा रहे है। मेरा आप सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन वृतांत को अवश्य पढ़ना चाहिए और उनके दिखाएं मार्ग पर चलते हुए गरीब ,शोषित ,पीड़ित वंचित परिवारों एवं व्यक्तियों की यथासंभव मदद करना चाहिये। आज से हम समर्पण निधि अभियान प्रारंभ करते हैं। क्योंकि जी पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने अपना सारा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया और अंत में अपने प्राणों का वरदान भी राष्ट्र के लिए समर्पित रूप से कर दिया ऐसे समर्पण की पराकाष्ठा वाले व्यक्तित्व की पुण्यतिथि के दिन समर्पण निधि की शुरुआत करना यह केवल धनराशि प्राप्त करना नहीं है बल्कि समर्पण के संस्कारों को देने के बराबर है।

इस अवसर पर समर्पण दिवस कार्यक्रम में भाजपा नेतागण धीरज पाटीदार, तेजपाल सिंह धाकड़ी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पालीवाल, शिवराजसिंह राणा घटावदा, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, जिला कार्यालय मंत्री अंकित सोनी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, जनभागिदारी सदस्य नरेश चंदवानी, प्रकोष्ठ जिला सयोंजक कपिल भंडारी, विनय दुबेला, पुलकित पटवा, विजय सुराणा, गौरव अग्रवाल, भानुप्रतापसिह सिसौदिया, विद्या कडोतिया, पार्षदगण निर्मला चंदवानी , आशीष गौड़, सुनीता भावसार, , रेखा सोनी, मुकेश खमेसरा, पुष्पेन्द्र भावसार, अनूप माहेश्वरी, विक्रम भैरवे, राकेश भावसार, दीपक गाजवा,युसूफ गौरी, सुनिता गुजरिया, भारतीय पाटीदार, गरिमा भाटी, अरुण शर्मा, राजेश गुर्जर, अजीज उल्लाह खान, उमेश पारीख, राजाराम तंवर, मनोज सांखला, सुनिल जैन, आशीष गुप्ता, योगेश गुप्ता, मयंक मावर, रॉकी यादव, बाबा पंचौली, नितिन ब्रिजवानी, आकाश निगम, दिलिप ग्वाला, पियुष जैन, नगेन्द्रसिंह चौहान, अशोक मारु, अनिल कबाडी, अनिल गुप्ता, दीपक मिश्रा, नटवर वर्मा, नरेन्द्र पंवार, ईश्वर चंदेल, महेन्द्र परिहार, ईमरान अब्बासी, पिंटेश सौनी, अशोक कर्नावट, राजेश बडोलिया, राजु अखेरिया, प्रदीप सोनी, दीपक, मांगीलाल कुमावत, बलवंतसिंह, नंदलाल गुजरिया सहित अनेक पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ताओं ने समर्पण निधि भेट की। कार्यक्रम का संचालन जनभागीदारी सदस्य नरेश चंदवानी ने किया व आभार दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार ने माना। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत रविदास...

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत शिरोमणि रविदास जी का जीवन संघर्षो और चुनौतियों की महागाथा हे। जन्हा उन्हे जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त पग पग पर प्रताड़ना, यातना, तिरस्कार, उपेक्षा और हेय दृष्टिका व्यवहार अनुभूत हुआ। शूद्र होने के कारण विभिन्न प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक निर्योग्यताओ से संघर्ष करते हुए संत रविदास जी ने मानवीय गरिमा को सही अर्थो में समझा और अस्पृश्य समाज को समझाते हुए कहा की तुम हिंदू जाति के अभिन्न अंग हो तुम्हे शोषित और पीड़ित जीवन जीने की अपेक्षा मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत रहना चाहिए। संत रविदास जी का जन्म भारत में जिस काल में हुआ उस समय समाज का स्वरूप अत्यंत अशांत और संघर्षमय था। समाज चेतना शून्य स्थिति में था। छोटी छोटी रियासतो में विभक्त भारतीय रियासते मिथ्या दंभ और अभिमान में एक दूसरे से युद्ध कर रही थी। जर्जर सामाजिक ढांचा रूढ़ियों, प्रथाओ, अंधविश्वासो, मिथ्या आचरणो, आडंबरो और पाखंडो से सरोबार था। छुआछूत और अस्पृश्यता के ओचित्यहीन अभिशाप का टीका समाज के माथे पर अदृश्य तथा अमिट स्याही से लगाया गया था जंहा आपसी वर्गभेद, जातिभेद, सामाजिक अन्याय और संघर्ष की पराकाष्ठा समाज की सेहत को प्रदूषित कर रही थी। ऐसी विषम स्थिति में प्रबुद्ध संत समाज द्वारा पुनर्जागरण का सजीव आंदोलन प्रारंभ हुआ जिसमे संत रविदास जी का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान हे। तथापि उनके समग्र आध्यात्मिक अवदान का अभी भी सही मूल्यांकन नही हो सका हे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विराट और चमत्कारिक घटनाओ से परिपूर्ण था। उन्होंने समाज की वेदना, पीड़ा और मर्म को समझा और उसके व्यवहारिक समाधान जन भाषा में प्रतिपादित किए। संत रविदास जी कहते हे की अंतर्मन की पवित्रता ही सच्ची ईश्वर भक्ति हे। इसके लिए व्यक्ति धार्मिक कर्मकांड के स्थान पर विनम्र होकर निरंतर कर्म करता रहे। उनकी वाणी में लोक कल्याण का स्वर प्रमुखता से व्यक्त हुआ। दीनता और विनम्रता की साक्षात प्रतिमूर्ति संत रविदास जी की आध्यात्मिक चेतना सबका मंगल, सदा मंगल और मंगल ही मंगल का उदघोष करती हे जो मनुष्य को जन्म से नही वरन सत्कर्म और आध्यात्मिक उपलब्धियों से बड़ा मानती हे। संत रविदास जी ने समाज की प्रगति और समरसता को अवरूद्ध करने वाली अस्पृश्यता की विकृति जिसका कोई धार्मिक आधार नही हे का विनम्रता पूर्वक विरोध कर समतावादी समाज की स्थापना पर बल दिया जन्हा किसी प्रकार की सांप्रदायिक विद्वेष की भावना न हो। सामाजिक अवगुणो के व्यवहारिक समाधान का मार्ग दिखाते हुए उन्होने कभी किसी सम्प्रदाय का विरोध नही किया वरन उनकी अंतरात्मा को जाग्रत कर पारस्परिक सदभाव और बंधुता का संदेश दिया जो आज भी प्रेरक और प्रासंगिक हे। वर्तमान परिपेक्ष्य में पड़े लिखे सभ्य समाज की यह विडंबना हे की आज भी दलितो के प्रति शोषण, अन्याय, अनाचार, प्रताड़ना आदि की हृदय विदारक घटनाएं पूरी तरह से समाप्त नही हो पाई हे। कहने को हमारा देश अनेक धर्माचार्यो, संतो और महात्माओ का देश हे जन्हा पेड़ पोधो, पशु पक्षी, जीव जंतु यहा तक की पत्थरो की भी पूजा की जाती हे किंतु यह केसा विरोधाभास हे की मानव को मानव छुने से अपवित्र और अस्पृश्य हो जाता हे। आज इस बात की महती आवश्यकता हे की समाज धार्मिक और राजनीतिक हथकंडो से अपने आप को बचाए।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# स्वयंसेविका शिल्पा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रश्न मंच प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रर्दशन



**मनासा, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 03 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक एमिटी यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा की स्वयंसेविका शिल्पा सेठिया ने भारतीय ज्ञान परंपरा साहित्य पुराण के विषय पर आयोजित की गई प्रश्न मंच प्रतियोगिता जिसमें पूरे भारत के स्वयंसेवकों ने सहभागिता करी और मध्य प्रदेश टीम से शिल्पा सेठिया, विशाल गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रर्दशन किया।उन्होंने शिविर में मध्य प्रदेश लोक नृत्य, लोक गायन, क्लॉथ डिजाइनिंग, गेम्स, ट्रैकिंग राजस्थान दर्शन आदि गतिविधियों में सहभागिता की। इनके प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एम.एल. धाकड, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेवकों नें स्वागत किया एवं बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मोटर चोरी के मामले में तीन आरोपी और गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत मोटर चोरी के मामले में पुलिस ने तीन ओर आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बरखेड़ा जयसिंह निवासी रुपसिंह शक्तावत ने कुए से विद्युत मोटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना के बाद वरदल निवासी लाला पिता रामचन्द्र भील व तेजपाल पिता जुझारलाल भील को पकड़ा था। दोनों के कब्जे से चोरी गई विद्युत मोटर के अलावा एक और चोरी की मोटर बरामद की थी। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने एक दिन, मंगलवार तक पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोटर चोरी में गांव के ही कन्हैयालाल पिता जुझारलाल भील, गोविन्द पिता बाबूलाल भील व भेरुलाल पिता नंदराम भील का भी शामिल होना बताया। इधर आधार पर पुलिस ने इन तीनों को भी गिरफ्तार किया। पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जिन्हें जमानत मिल गई।

# पं. दीनदयालजी की पुण्यतिथि मनाई



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत मंदसौर कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश जी दिक्षित एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंतकुमार शर्मा एवं कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पंडित दिनदयाल उपाध्य्य जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांपजली अर्पित कर आपके महान कार्यो और सिद्धांतों का स्मरण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का विचार-दर्शन नए भारत की आधारशिला है। यही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के भारत के विकास के रोडमैप का मूल मंत्र भी है। पं. दिनदयाल उपाध्याय जी ने समाज के कमजोर तबको के कल्याण तथा शोषित वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिये गरीब, किसान, नोजवान,के कल्याण का मूलमंत्र दिया जिसे यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेन्द्र मोदी जी उसे धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे है। अंत्योदय के प्रणेता, श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पावन स्मृतियों को नमन।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 17 | 2001 | 2584 |
| उडद | 20 | 5083 | 6050 |
| सोयाबीन | 4381 | 3875 | 4201 |
| गैहु | 2321 | 2800 | 3200 |
| चना | 68 | 5000 | 5658 |
| मसुर | 42 | 5411 | 6211 |
| धनिया | 660 | 5001 | 7231 |
| लहसुन | 20000 | 4501 | 9601 |
| मैथी | 523 | 3800 | 5441 |
| मुंगफली | 927 | 4101 | 5125 |
| अलसी | 1741 | 5500 | 6000 |
| सरसो | 728 | 4957 | 5700 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 44 | 8000 | 10600 |
| प्याज | 1894 | 501 | 2515 |
| कलोंजी | 1 | 9000 | 9000 |
| तुलसी बीज | 9 | 9000 | 13502 |
| डॉलर | 13 | 4053 | 9000 |
| तिल्ली | 13 | 7851 | 8702 |
| जौ | 0000 | 00000 | 00000 |
| मटरसुखी | 1 | 4111 | 4111 |
| असालीया | 138 | 7900 | 8495 |
| मूंग | 1 | 4000 | 4000 |

# बालकवि बैरागी के जन्मोत्सव पर काव्य गोष्ठी एवं स्मरण सभा संपन्न

**मनासा, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुर्व सांसद बालकवि बैरागी के जन्मोत्सव एवं स्मरण सभा के स्वागत उद्बोधन में डां व्ही एम संघ ई सोसायटी फॉर ह्यूमुनिटी के सचिव मंगेश संघ ई ने बालकवि बैरागी के व्दारा विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए राजनैति के साथ ही देश में साहित्य व कवि के माध्यम से नगर व जिले का मान बढ़ाया है इस अवसर पर डॉ पुरन सहगल ने मालवीय भाषा में आलेख का विस्तार से वर्णन किया व बैरागी जी की दो कविताएं की पंक्तियों को सुनाया उन्होंने कहा कि बैरागी जी ने दुनिया में छाप छोड़ी है बैरागी जी हमारे दिलों में बसे हुए हैं साहित्य कार ब्रजमोहन समदानी ने बैरागी जी की सभी कविताओं की लाईनों को सुनाया उन्होंने कहा की उनकी लोकप्रियता से बड़ा धन कोई नहीं है उसका अंदाज उनका अनुभव था उनकी कविताओं से सन्नाटा छा जाता था जो निराला था इस अवसर पर साहित्य कार



महेश नंदवाना ने बैरागी जी के हिंदी सिनेमा में योगदान पर आलेख में कहा कि यूँ देखा जाए, तो बालकवि बैरागी के गीत और कविताएँ सिनेमा के प्रचलित ढाँचे के अनुरूप नहीं होती थीं। बालकवि हिन्दी के सच्चे पक्षधर थे। वे ताल ठोक कर हिन्दी का परचम लहराने वाले हिन्द के सपूत थे। दूसरे सिने-गीतकारों की तरह उन्होंने कभी भी अपने गीतों में उर्दू के शब्द नहीं डाले। वे हिन्दी की ताकत से अच्छी तरह परिचित थे। खड़ी बोली से भी ज्यादा भरोसा उन्हें आंचलिक बोलियों पर था। वे बड़े-बड़े लोगों के बीच बड़े ठाठ से अपनी प्यारी मालवी में बतियाते थे।बालकवि बैरागी इसलिए बड़े हैं, क्योंकि वे उन कुछ गीतकारों की टोली में थे, जिन्हें फ़िल्मों की चमक-दमक से ज़्यादा साहित्य में सुख मिलता था। माधुरी चौरसिया ने कहा कि बैरागी जी एक चलता फिरता विश्वविद्यालय थे। उनके साथ हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता रहता था। हम सौभाग्य शाली है कि उनके नाम से शिक्षण संस्थान शुरू कर पाए। विचारक चिंतक लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं श्री बालकवि बैरागी के अनुज विष्णु बैरागी ने अपने उद्बोधन में मनासा की मिट्टी से बैरागी जी के गहरे लगाव की बात की। उन्होंने नए पढ़ने लिखने वालों से प्रगतिशील विचार अपनाने का आवाहन किया। जिस गरीबी व अभाव को संकल्प से मात देने का जुझारूपन बैरागी जी ने दिखाया उसे जीवन की प्रतिबद्धता नजर आती है। बैरागी जी के गद्य पद्य में इस मिट्टी की खुशबू बिखरी है जो हमेशा कायम रहेगी कार्यक्रम में कैलाश पाटीदार, ने मालवीय कविता सुनाई, अर्जुन पंजाबी भी बैरागी जी की कहानीयो के सारांश पर विचार रखे व प्रकाश डाला अनिल बावेल,व आलम भाई ने रचनाएं सुनाई। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय बैरागी ने किया व आभार मंगेश संघ ई ने सभी को धन्यवाद देकर किया।

# आर्थिक विकास को मजबूती देने मुख्यमंत्री की लोकल से ग्लोबल तक सतत् यात्रा



**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बीते एक वर्ष में औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए उन्होंने न केवल रणनीतिक नीतियां बनाईं, बल्कि जमीनी स्तर पर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए। बीते एक साल में मध्यप्रदेश ने 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभावनाओं को मजबूती दी। इसके साथ ही 5 प्रमुख रोड शो आयोजित कर निवेशकों के साथ सीधा संवाद किया गया, जिससे प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को व्यापक मंच मिला।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ने 3 देशों—यूके, जर्मनी और जापान की यात्रा कर वहां की प्रमुख कंपनियों और निवेशकों से संवाद स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आर्थिक विकास को मजबूती देने लोकल से ग्लोबल तक सतत् यात्रा जारी है। इन प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में निवेश का नया माहौल बना और वैश्विक उद्योग जगत ने मध्यप्रदेश को अपनी विस्तार योजनाओं में प्राथमिकता देना शुरू किया। अब यह यात्रा और आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है जिससे औद्योगिक विकास के लिए साल भर गतिविधियां होंगी। भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस दिशा में एक और बड़ा कदम है, जहां दुनिया भर के निवेशक, उद्योगपति और नीति निर्माता मध्यप्रदेश की अपार संभावनाओं का हिस्सा बनेंगे। यह सतत यात्रा न केवल प्रदेश की औद्योगिक सशक्तिकरण को दर्शाती है, बल्कि इसे देश के अग्रणी औद्योगिक केंद्रों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता को भी सिद्ध करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने आर्थिक प्रगति की एक सशक्त और दूरदर्शी कार्य योजना के साथ निवेश आकर्षित करके महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। यह केवल औद्योगिक विस्तार का प्रयास नहीं, बल्कि प्रदेश को एक समृद्ध, आत्म-निर्भर और वैश्विक औद्योगिक केंद्र बनाने की रणनीति का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बनाई गई स्पष्ट, दूरगामी और व्यवहारिक नीति ने निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। सूक्ष्म योजना, सतत् संवाद और ठोस नीतिगत सुधारों के जरिये निवेशकों की जरूरतों के अनुरूप आधारभूत संरचना को विकसित किया गया। इससे मध्यप्रदेश एक आदर्श औद्योगिक स्थान के रूप में उभर रहा है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं का सूक्ष्म अध्ययन कर स्थानीय से वैश्विक स्तर तक निवेश आकर्षित करने की रणनीति अपनाई गई, जिसका प्रभाव अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक मंचों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

संभागीय स्तर पर निवेश अवसरों को सशक्त करने के लिए पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए। इनमें स्थानीय उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और संभावित निवेशकों को एक मंच पर लाकर क्षेत्रीय औद्योगिक क्षमताओं को उजागर किया गया। प्रत्येक संभाग की आर्थिक विशेषताओं के आधार पर उद्योगों को लक्षित किया गया। इससे उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर में निवेशकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। इन आयोजनों से स्पष्ट हुआ कि औद्योगिक विकास को जिला स्तर तक ले जाना न केवल आवश्यक है, बल्कि यह प्रदेश की समग्र आर्थिक प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संभागीय स्तर पर निवेशकों की रुचि और आवश्यकताओं को समझने के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया गया। बेंगलुरु, कोयंबटूर, मुंबई और कोलकाता जैसे औद्योगिक नगरों में रोड-शो आयोजित कर संभावित निवेशकों से सीधा संवाद किया गया। आईटी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, माइनिंग, नवकरणीय ऊर्जा और वित्तीय क्षेत्र के प्रमुख उद्यमियों से चर्चा कर उनके सुझावों के आधार पर प्रदेश की औद्योगिक नीतियों को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाया गया। राष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षित करने के बाद इसे वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में ठोस प्रयास किए गए। यूके, जर्मनी और जापान में रोड-शो आयोजित कर वैश्विक उद्योग जगत को प्रदेश की क्षमताओं से परिचित कराया गया। निवेशकों को व्यापारिक सुगमता, नीतिगत स्थिरता और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना की जानकारी दी गई। इससे मध्यप्रदेश में निवेश की संभावना को लेकर निवेशकों का सकारात्मक रूझान देखने को मिला। औद्योगिक अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, लॉजिस्टिक्स और परिवहन कनेक्टिविटी में सुधार, हवाई यातायात के विस्तार और औद्योगिक गलियारों को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने जैसे ठोस कदम उठाए गए। उद्योगों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई और सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इससे निवेशकों को तेजी से मंजूरी मिल सकेगी। औद्योगिक विस्तार के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भी व्यापक रहे। स्थानीय स्तर पर निवेश बढ़ने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले। इससे पलायन में कमी आई है। वैश्विक कंपनियों की भागीदारी से प्रदेश की तकनीकी दक्षता बढ़ी, जिससे स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई सेक्टर को भी नया संबल मिला। औद्योगीकरण के साथ शहरी क्षेत्रों का विस्तार हुआ और प्रदेश की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया। भोपाल में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित होने जा रही है। यह आयोजन न केवल प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा, बल्कि इसे भारत के औद्योगिक भविष्य का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम भी साबित होगा।

# लाइव फोटो क्लिक होने पर ही मिलेगा गर्भवती महिला को राशन

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आंगनवाड़ी केंद्रों से गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली टेक होम राशन व्यवस्था में शासन स्तर से बड़ा बदलाव किया गया है। गड़बड़ी को रोकने व पारदर्शिता लाने के लिए गर्भवती महिला को टेक होम राशन के एप पर अब ऑनलाइन एंट्री करना होगी। एप में महिला का लाइव फोटो देना होगा। हालांकि कार्यकर्ता इस व्यवस्था के लागू होने पर सवाल खड़े कर रही हैं। क्योंकि, महीने में अब हर सप्ताह यह राशन देना होगा और ऑनलाइन इंट्री करना होगी, लेकिन सर्वर व अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण इसे शुरू करने में परेशानी आ रही है। इधर अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में जिले में कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग हो चुकी है। परेशानियों के बारे में वरिष्ठ स्तर पर बता दिया गया है।

सरकार पिछले माह से एप पर एंट्री करने का प्रशिक्षण आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दे रही है। एप और रजिस्टर दोनों में फिलहाल इसकी एंट्री की जा रही है। लेकिन 1 जनवरी से एप पर एंट्री को अनिवार्य कर दिया है। पहले टेक होम राशन को आंगनवाड़ी से गर्भवती महिला को दे दिया जाता था। महिला नहीं आती थी तो रिश्तेदार ले जाते थे। लेकिन, अब यह व्यवस्था बदल गई है। पारदर्शिता के लिए लागू की गई नई व्यवस्था ने कई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। अंचल क्षेत्रों की महिलाओं का कहना है कि सामान्यत: डिलीवरी के लिए महिलाएं मायके चली जाती है तो कई महिलाएं अन्य प्रदेश में अपने परिवार के साथ चली जाती है। ऐसे में यह कैसे संभव होगा। हालांकि अधिकारी विस्तृत गाइडलाइन के आने का इंतजार कर रहे हैं।

### हेराफेरी रोकने बनाई नई व्यवस्था...

टीएचआर का वितरण गर्भवती को पोषण देने के लिए होता है। लेकिन लगातार शिकायतें आती है कि टीएचआर में हेराफेरी हो रही है। इसे लेकर प्रदेश स्तर पर भी विरोध हो चुका है। ऐसा न हो, इसलिए अब एप पर इंट्री को अनिवार्य किया है। इससे जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग होगी और लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई भी हो सकेगी।

### नेटवर्क सहित तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं सामने...

गर्भवती को ही आंगनवाड़ी पर टीएचआर लेने के लिए आना होगा। ऑनलाइन एप के खुलने के बाद केवाईसी करना होगी। इसमें महिला का लाइव फोटो लेना होगा। इसमें फोटो तभी क्लिक होगा, जब सामने बैठी गर्भवती आंखें खोलकर बंद करेंगी। इसके अलावा ओटीपी भी जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन के समय एप पर उसका फोन नंबर अपलोड करना होगा। नई व्यवस्था लागू करने में सबसे बड़ी समस्या वहां हो रही है, जहां नेटवर्क नहीं मिलता है।

## शराब पीकर पीटा

**पिपलियामंडी, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शराब पीकर गालियां देने से मना किया तो मारपीट की। चंगेरी निवासी भारत पिता नारायण बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि लसुड़िया कदमाला निवासी वरदीचंद पिता घनश्याम बावरी शराब पीकर गालियां दे रहा था। मैंने मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने वरदीचंद पर केस दर्ज किया।

# नए सत्र से बीआरसी समाप्त होंगे..!

## जिला शिक्षाधिकारी के पास ही होगा सभी व्यवस्था का जिम्मा

**भोपाल, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए विभाग बड़ा बदलाव करने जा रहा है। नए शिक्षा सत्र से मंदसौर सहित प्रदेश में बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ही पहली से 12वीं तक की व्यवस्था संभालेंगे। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों व शिक्षकों के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। नई व्यवस्था में ब्लॉक लेवल पर बीएमओ की जगह एरिया एजुकेशन ऑफिसर की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा विभाग ने बीआरसी को खत्म कर एईओ (एरिया एजुकेशन ऑफिस) शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा पहली बार एजुकेशन पोर्टल 3.0 को एआई बैस पर तैयार किया जा रहा है। इस पर विभाग द्वारा जिले के सभी स्कूलों का सत्यापन कर उनकी जीआई मैपिंग की जा रही है।

### यह होगा फायदा...

अभी पहली से 8वीं तक के स्कूल बीआरसी और 9वीं से 12वीं तक के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं। एईओ बनने के बाद सभी स्कूल एक ही अधिकारी के अंडर में आ जाएंगे। इससे निगरानी करने में आसानी होगी।

### एक एईओ के पास रहेंगे 50 स्कूल...

नई व्यवस्था लागू होने के बाद बीआरसी व संकुल की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। संकुल की जगह एरिया एजुकेशन ऑफिस तैयार किए जाएंगे। यह पहली से 12वीं तक की कक्षाओं व स्कूलों की मॉनिटरिंग करेंगे। इसके लिए विभाग ने मैपिंग का कार्य पूर्ण कर एक एईओ में आसपास के 40 से 50 स्कूलों को मैप किया है, जो इनके अंतर्गत रहेंगे।

### शिक्षकों का सत्यापन अंतिम चरण में...

नए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के लिए विभाग द्वारा जिले के शिक्षकों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। कुछ कर्मचारियों के दस्तावेज में नाम, उम्र व अन्य गड़बड़ी के चलते सत्यापन में समस्या आ रही है। अधिकारियों के अनुसार अब भोपाल पहुंच कर इन कर्मचारियों के दस्तावेज में सुधार करवाकर पोर्टल पर अपडेट कराएंगे।

### दूसरे चरण में करेंगे विद्यार्थियों का सत्यापन...

दूसरे चरण में स्कूलों में पढ़ाई करने वाले हर विद्यार्थी का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद हर बच्चे की जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। इससे कौन-सा विद्यार्थी देश में कहां पढ़ रहा है, उसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल जाएगी। जो विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उनकी जानकारी भी शासन को देश में कहीं से भी मिल जाएगी।

## दम्पत्ति सहित 4 पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति सहित चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। अमरपुरा निवासी दिनेश पिता दशरथ बागरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि शालीग्राम उसके बेटे राकेश रामदयाल व पत्नी सुगनाबाई ने बोला कि तूम हमारे खेत को पानी नही पिलाने दे रहे हो और गाली-गलौज कर लकड़ी, पत्थर व लोहे के धारदार हथियार से हमला किया। मेरे साथ ही मेरे बीच-बचाव करने आए मेरे भाई लखन व प्रेमचंद, बहन सोहन, भाभी सुगनाबाई को भी चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## उंगली में आया फेक्चर, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक्सरे रिपोर्ट में फेक्चर आने पर पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। जान कारी के अनुसार मिण्डलाखेड़ा निवासी आत्माराम पिता राजेश बावरी के साथ कैलाश पिता मांगीलाल बावरी व उदयसिंह पिता कैलाश बावरी ने बाइक पर बैठने की बात पर मारपीट की थी। एक्सरे रिपोर्ट में आत्माराम की उंगली में फेक्चर आने पपर पुलिस ने पिता-पुत्र पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

# जनता की समस्याओं को सुने तथा त्वरित निराकरण करें-कलेक्टर

## जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने 88 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण किया


**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याओ को सुना तथा मौके पर निराकरण किया। जिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका उसके लिए अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्या को सुने तथा उनका त्वरित निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में जितने भी शिकायत हैं उनका प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। प्रतिदिन समस्याओं के निराकरण के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। शिकायतों का समाधान नहीं करने पर वेतन वृद्धि रोकने कार्यवाही की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए कैंप लगाए, प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजे।




जनसुनवाई के दौरान आवेदक पिन्टू पिता राधेश्याम निवासी पिल्याखेडी तह. व जिला मंदसौर द्वारा जन्म प्रमाण पत्र दिलाने हेतु आवेदन दिया गया। पिंटू ने कहा कि मेरी पुत्री का जन्म कोरोना काल में जिला अस्पताल मंदसौर में हुआ था जिसका जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नही मिला है। मुझे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र कि आवश्यकता है। जिस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को तुरंत जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। आवेदिका तेजाबाई बेवा पति प्रहलाद सिंह राजपूत निवासी नयापुरा मंदसौर ने आवेदन दिया कि, ग्राम पंचायत बोहराखेडी द्वारा दिये गए पट्टे के बजाय अन्य स्थान पर पट्टा दिये गया। जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आवेदक रशीद पिता इब्राहिम मोगिया निवासी मुल्तानपुरा जिला मंदसौर द्वारा उनकी पत्नी जेबुन की मृत्यु स्लेट पेंसिल के कारखाने में होने पर मृत्यु राशी भुगतान के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदिका राजकुमारी पति भानुप्रकाश निवासी वार्ड क्रमांक 12 सुवासरा, तह. सुवासरा द्वारा आबादी क्षेत्र में आवासीय पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर कलेक्टर ने सुवासरा तहसीलदार को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदिका कन्याबाई व लीलाबाई पिता रामचन्द्र भील द्वारा पेतृक भवन पर नाम दर्ज कर प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक राकेश पिता भेरूलाल निवासी मुन्देड़ी तह. मल्हारगढ़ जिला मंदसौर द्वारा पिता का निधन होने के पश्चात उनकी सम्पत्ती में बटवारें के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर राजस्व विभाग को समय सीमा में निराकरण करने की निर्देश दिए। शासकीय छात्रावास उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के वार्डन, चौकीदार एवं स्वीपर का मानदेय एवं आकस्मिक निधि की एक वर्ष से लंबित राशि के भुगतान के संबंध में आवदेन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को लंबित भुगतान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर श्री राहुल चौहान, मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने युवा उत्सव कलाकुंभ का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव, कलाकुंभ का शुभारंभ किया। इस युवा उत्सव में राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय ग्वालियर, कृषि महाविद्यालय इंदौर, कृषि महाविद्यालय सीहोर, कृषि महाविद्यालय खण्डवा एवं उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के विद्यार्थीयों ने सहभागिता की। युवा उत्सव की लगातार दूसरी बार मैजबानी करने वाले उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने औषधीय फसलों का क्लस्टर देखा। कलेक्टर ने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थीयों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का आव्हान किया। इसके साथ ही उनके द्वारा बाहदरी प्रक्षेत्र पर भ्रमण कर अफीम परियोजना एवं छात्रों के रिसर्च ट्रायल भी देखे। इस अवसर पर उन्होने प्रतिभागियों की मांग पर श्री रामधारी दिनकर जी की एक मनमोहक कविता सुनाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. जे.एस. दुबे, प्राचार्य राजीव गांधी, पी.जी. कॉलेज, मन्दसौर ने छात्रों को अनुशासन का महत्व बताया, एवं हरे पौधे की जड में औषधीय गुणों को बताया। उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. आई एस तोमर ने नीमच मण्डी को मालवा के क्षेत्र के लिए सौगात बताते हुए कहा कि नीमच मण्डी में सभी प्रकार के जडी-बूटी, मसाले इत्यादि को यहां खरीदा एवं बेचा जा सकता है। साथ ही महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। युवा उत्सव में पहले दिन साहित्य एवं ललित कला से जुड़ी गतिविधियां सम्पन्न कराई गई।



## तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**नीमच, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा सम्पूर्ण नीमच जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश (उक्त स्थानीय अवकाश कोषालय एवं बैंक को छोड़कर) घोषित किए गए है। कलेक्टर द्वारा 27 मार्च 2025 गुरूवार को रंगतेरस, 27 अगस्त 2025 बुधवार को गणेश चतुर्थी, एवं एक अक्टूबर 2025 बुधवार को महानवमी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।



# विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर महिला मंडल का गठन

**मंदसौर, 11 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत चंद्रपुर ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रहे संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक झलोया के मार्गदर्शन में महिला मंडल का गठन किया गया ,जिसमें अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी तिवारी उपाध्यक्ष शीतल झलोया, उपाध्यक्ष संतोष झटावा, उपाध्यक्ष श्रीमती मोनिका झलोया ,सचिव श्रीमती शशि झलोया ,सह सचिव श्रीमती वीणा तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी ,कार्यकारिणी में श्रीमती मंजू झलोया ,श्रीमती मनोरमा झलोया ,श्रीमती आशा सुजेरा, श्रीमती ललिता झलोया ,श्रीमती कांता सुजेरा ,श्रीमती मेघना झलोया, श्रीमती वर्षा तिवारी श्रीमती पिंकी हसवार ,को लिया गया ।सभी महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। आने वाले फाग उत्सव और अन्य अवसरों पर महिलाओं की विशेष बैठक आयोजित कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए जाने का भी निर्णय लिया।


**आवश्यकता है...**

**हमारे यहां अनुभवी सेल्स मेन एण्ड गर्ल की आवश्कता है।**

*अनुभवी को प्राथमिकता * वेतन योग्यता के अनुसार

******* संपर्क *******

**प्रदीप मोबाईल**

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988



# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-मंदसौर

Email ID-eeresmandsaur@mp.gov.in

## निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- 13/2024-25

जावक क्रमांक/182/ग्रा.यां.से./वलेलि/निविदा/2024-25 मंदसौर, दिनांक-07.02.2025

**म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

| स.क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निर्माण कार्यो की अनुमानित (राशि रुपए में ) | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_ 399522 | श्री शंकर महादेव (कोटेश्वर महादेव मंदिर) ग्राम शिवगढ़ तहसील सीतामऊ | 1828056/- | प्रथम आमंत्रण |

उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 13.02.2025 से देखे जा सकेंगे। विस्तृत सूचना Key Dates तथा अन्य जानकारी वेबसाईड पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी समस्त संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे। केवल वेबसाईट पर देखे जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंदसौर

G-22896/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
## नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक LIG.A-89 संजीत मार्ग मंदसौर जो श्री मोहनलाल व्यास पिता श्री नारायणप्रसाद व्यास को मण्डल आदेश क्रमांक 10708 दिनांक 06.12.1985 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.12.2005 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था । श्री मोहनलाल व्यास पिता श्री नारायणप्रसाद व्यास द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती गुणमाला खिमेसरा पति श्री ज्ञानचंद खिमेसरा एवं डॉ. श्री आशीष खिमेसरा पिता श्री ज्ञानचंद खिमेसरा को संयुक्त रूप कर विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2014 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामातरण श्रीमती गुणमाला खिमेसरा पति श्री ज्ञानचंद खिमेसरा एवं डॉ. श्री आशीष खिमेसरा पिता श्री ज्ञानचंद खिमेसरा संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्रीमती गुणमाला खिमेसरा पति श्री ज्ञानचंद खिमेसरा एवं डॉ.श्री आशीष खिमेसरा पिता श्री ज्ञानचंद खिमेसरा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा। आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
## नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक MIG (DX)-16 गाँधी नगर मंदसौर जो श्रीमती निर्मला डोडिया पति श्री कमलेश सिंह डोडिया को मण्डल आदेश क्रमांक 885 दिनांक 04.08.2016 द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 31.03.2017 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीयन पंजीबद्ध करवाया गया था। श्रीमती निर्मला डोडिया पति श्री कमलेश सिंह डोडिया द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती दीप्ती दुबे पति श्री प्रवीण दुबे को कर विक्रय पत्र दिनांक 03.12.2024 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती दीप्ती दुबे पति श्री प्रवीण दुबे अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्रीमती दीप्ती दुबे पति श्री प्रवीण दुबे के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**
## नामान्तरण -सूचना


मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक MIG.JR-52 गाँधी नगर मंदसौर जो श्री राजेश परमार पिता स्व.श्री रामचन्द्र परमार को मण्डल आदेश क्रमांक 5813 दिनांक 06.10.2004 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2008 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री राजेश परमार पिता स्व. श्री रामचन्द्र परमार द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री चंद्रवीर सिंह डोडिया पिता श्री ब्रजराज सिंह डोडिया को कर विक्रय पत्र दिनांक 04.06.2021 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामातरण श्री चंद्रवीर सिंह डोडिया पिता श्री ब्रजराज सिंह डोडिया अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्री चंद्रवीर सिंह डोडिया पिता श्री ब्रजराज सिंह डोडिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in

**भरोसा** और
**निवेशकों को पहला स्थान**
मूल्यों की नींव पर
**मध्यप्रदेश की उड़ान**




**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
— अनंत संभावनाएं —
24-25 फरवरी 2025, भोपाल

होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे



असीमित संभावनाएं एवं निवेश का
समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है

**आकर्षक नीतियां**
पारदर्शी नीतियों के साथ
कस्टमाइज्ड पैकेज

**ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस**
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

**आधुनिक आधारभूत संरचना**
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

**पावर सरप्लस**
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

**स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी**
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक**
1 लाख + एकड़

**विस्तृत रोड नेटवर्क**
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

**पर्याप्त जल आपूर्ति**
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन
के लिए स्कैन करें

www.investmp.in

D-11179/24

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025